Dainik Jagrann Date 13. 08 .2023

नशा जीवन में लाता है अंधकार : पुलिस आयुक्त

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : नशा जीवन में अंधकार लाता है, नशे से बाहर निकलकर हम अपने जीवन को रोशन कर सकते हैं। नशे की लत से बाहर आकर हम न सिर्फ अपने सपने पूरे कर सकते हैं, बल्कि अपने पारिवारिक जीवन में भी खुशियां ला सकते हैं। यह बातें दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहीं।



संजय अरोड़ा ●

दरियागंज स्थित दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के मुख्यालय की दीवारों पर नशा मुक्ति अभियान को सकारात्मक भित्तिचित्र बनाया गया है। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार नशीली दवाओं के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' की नीति पर सख्ती से काम कर रही है। गृह मंत्री अमित शाह नशीली दवाओं की समस्या को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली पुलिस इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी ईमानदारी काम कर रही है। दिल्ली पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्ति पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़े के दौरान 15,700 किग्रा ड्रग्स को नष्ट किया गया। ई-प्रतिज्ञा मेगा कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान को आगे बढ़ाते हुए एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के मुख्यालय की दीवारों पर नशा मुक्ति अभियान को लेकर सकारात्मक भित्तिचित्र बनाया गया है। दीवार पर बना फोटो सेल्फी प्वाइंट गर्व का एहसास कराता है कि 'मुझे गर्व है मैं नशामुक्त हूं, आप क्या हैं?' हम सभी से अपील करते हैं नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस का साथ दें। इस मौके पर क्राइम ब्रांच के विशेष आयुक्त रवींद्र सिंह यादव, डीसीपी अमित गोयल, एसीपी अनिल शर्मा समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



दरियागंज में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के मुख्यालय की दीवार पर चित्र ● सौ. पुलिस

Navodhaya Times

'नशा समाज में एक समस्या है और इस पर काबू पाना बेहद जरूरी है'





एएनटीएफ मुख्यालय की दीवार पर बने भित्तिचित्र और सेल्फी पॉइंट का जायजा लेते दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा।

नई दिल्ली,12 अगस्त (नवोदय टाइम्स): दिल्ली पुलिस नशीली दवाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से काम कर रही है। दिल्ली पुलिस नशीली दवाओं की समस्या को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नशा मुक्त भारत अभियान से प्रेरित होकर नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया गया। बीते 12 जून से 26 जून तक पूरी दिल्ली में मनाया गया। इस पखवाड़े के दौरान, एक्सएलआरआई, जमशेदपुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर, 15,700 किलोग्राम अवैध दवाओं को नष्ट करना और तालकटोरा स्टेडियम में ई-प्रतिज्ञा मेगा कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दिल्ली उपराज्यपाल की उपस्थिति एवं पांच कि.मी. सीपी दिल्ली के नेतृत्व में इंडिया गेट पर वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सभी जिलों के ऑडिटोरियम में ब्रह्माकुमारी संस्थान के परामर्शदाताओं द्वारा व्याख्यान दिए गए। नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाते हुए एएनटीएफ मुख्यालय की दीवार पर इस विषय पर सकारात्मक भित्तिचित्र बनाया गया है कि कैसे नशा हमारे जीवन में अंधकार भर देता है और नशे से बाहर निकलकर हम अपने जीवन को रोशन कर सकते हैं। यह अंधकार से प्रकाश की ओर की यात्रा है।

नशे की लत से बाहर आकर हम न सिर्फ अपने सपने पूरे कर सकते हैं बल्कि अपने पारिवारिक जीवन में भी खुशियां ला सकते हैं। दीवार पर बना फोटो सेल्फी प्वाइंट गर्व का एहसास कराता है कि मुझे गर्व है मैं नशामुक्त हूं, आप क्या हैं? फोटो सेल्फी पॉइंट मूल रूप से उन लोगों के लिए है जो नशे में शामिल नहीं हैं और इस पर गर्व कर सकते हैं और जो नशे की लत से सफलतापूर्वक बाहर आ गए हैं। बीते शुक्रवार को, एएनटीएफ मुख्यालय की दीवार पर बने भित्तिचित्र और सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन दिल्ली पुलिस के आयुक्त संजय अरोड़ा ने सभी आयु वर्ग के लोगों को हमारे युद्ध में दिल्ली पुलिस के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित करने के संदेश के साथ किया था।

'नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक गंभीर समस्या है'

हम सभी युवा लोगों से, जो विशेष रूप से नशीली दवाओं के उपयोग के प्रति संवेदनशील हैं, जागरूक होने और नशीली दवाओं के बारे में सच्चाई का सामना करने का आह्वान करते हैं। युवा लोगों में नशीली दवाओं के उपयोग का प्रचलन सामान्य आबादी की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। अवैध दवाओं के साथ प्रयोग करने के लिए साथियों का दबाव बहुत अधिक हो सकता है, और आत्म-सम्मान अक्सर कम होता है। इसके अलावा, जो लोग अवैध दवाएं लेते हैं उन्हें या तो गलत जानकारी होती है या फिर वे इससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में अपर्याप्त रूप से जागरूक होते हैं। कई लोग नशीली दवाएं लेने के बाद उदास और अकेले हो जाते हैं और बीमार महसूस करने लगते हैं। नशा समाज में एक समस्या है और इस पर काबू पाना बेहद जरूरी है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक गंभीर समस्या है जिसके व्यक्तियों, परिवारों और समाज के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक समस्याओं के साथ-साथ मौत का कारण भी बन सकता है। दिल्ली पुलिस नशीली दवाओं के दुरुपयोग से लड़ने और नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।